# UGB FAMILY WELFARE SOCIETY, DEHRA DUN

*“Society for Health & Welfare”*
Regd No. *2/2016-17*
*Regd Office : 11-Rameshwar Mohalla, Near Jhanda Sahib, Dehra Dun, Uttrakhand – 248001*
***Website :*** ***www.ugbfws.in*** ***Email :*** ***ugbwelfare.society@gmail.com***
*Contact : 7055704215, 9690338768*

उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के समस्त वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारी गण।

सादर नमस्कार ।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि आज के दौर में UGB के किसी भी कर्मी के वेतन का एक बड़ा हिस्सा, अपने व अपने परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा व टैक्स आदि पर खर्च हो जाता है |

जो लोग अपना या अपने परिवार के सदस्यों का इलाज सरकारी या निजी हॉस्पिटल में करवा चुके हैं, उनको यह भलीभांति ज्ञात होगा कि उनके द्वारा भुगतान किये गए वास्तविक खर्च तथा बैंक द्वारा की गयी प्रतिपूर्ति में बहुत अधिक अंतर होता है तथा यह अंतर उन्हें स्वयं ही वहन करना पड़ता है |

आपको याद होगा कि पूर्व में हमारे कुछ साथियों द्वारा इस दिशा में प्रयास किये गये थे तथा विभिन्न टाई अप जैसे Dr. Lal Path lab से सभी टेस्ट पर 20% की छूट प्राप्त करने सम्बंधित टाई अप, चार्टेड अकाउंटेंट M/s Rawat & Bartwal से सभी UGBian’s के लिए रु० 100/- मात्र में ITR फाइल करने सम्बंधित टाई अप किये गये थे |
इन सुविधाओं का लाभ आज भी UGB के कई कर्मी उठा रहे हैं |

इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए यह विचार किया गया कि क्या ऐसा संभव है कि हमारे द्वारा अन्य क्षेत्रो/प्रतिष्ठानों यथा Digonostic Centre, Hospitals, Hotels, Restaurents, Guest Houses, Educational Institues / Coaching Centres, Chemists आदि से भी टाई अप कर अधिकाधिक डिस्काउंट प्राप्त किया जा सकता है, जिससे विभिन्न सुविधाएं कम दरों पर अपने बैंक के कर्मियों एवं उनके परिवार को उपलब्ध करवाई जा सकें |

इस दिशा पर काम करने के लिए हम कुछ साथियों ने एकत्र होकर प्रथम चरण में सर्वप्रथम Chandan Dignostics Centre, देहरादून से वार्ता की |

उनके द्वारा टाई अप की मौखिक सहमति तो दी गयी किन्तु व्यक्तिगत क्षमता में अनुबंध करने में असमर्थता व्यक्त की गयी | उनके द्वारा इस उद्देश्य के लियेे एक सोसाइटी पंजीकरण करने की सलाह दी गयी |

इस सन्दर्भ में जानकारी एकत्र करने पर पता चला कि सोसाइटी के पंजीकरण हेतु कुछ विधिक बाध्यताएँ होती हैं और नियमो के अनुरूप ही सोसाइटी को पंजीकृत एवं संचालित कर सकते हैं |

सोसाइटी पंजीकरण हेतु हमारे बैंक के 8 सदस्यों द्वारा वैचारिक एवं आर्थिक योगदान देते हुए लगभग 10 माह के अथक प्रयास के उपरांत 13/4/2016 को अपनी संस्था “ UGB Family Welfare Society ” का पंजीकरण करा दिया गया है ।

अब हम किसी भी प्रतिष्ठान से अधिकारिक रूप से अनुबंध करने हेतु विधिक रूप से सक्षम हैं |

उत्तराखंड ग्रामीण बैंक का कोई भी कर्मी (अर्थात बैंक के वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त, अधीनस्थ वर्ग से लेकर उच्चाधिकारियों तक) निर्धारित फीस देकर इस सोसाइटी का सदस्य बन सकता है |

साथियों, विगत वर्षो में हमारे कई साथियों की असमय मृत्यु भी हो गयी थी ।
हम उनके लिए कुछ नहीं कर पाए | उनका परिवार आज कैसी हालत में अपना जीवन यापन कर रहा है, हमें नहीं पता |
चाहे स्व० श्री कुंडल सिंह हो या सहगल जी अथवा जीवन चन्द्र जोशी, सुमेर सिंह, ओमप्रकाश, मनोज कुमार आदि ।

क्या हममे से किसी ने उनको कभी याद किया? क्या हमें इन सभी की पुण्य तिथि याद है?

नहीं ।

हममे से अधिकांश को कुछ याद नहीं। वास्तव में किसी के पास अब इतना समय ही नहीं है |

मानवता एवं हितों के पहलू को ध्यान में रखते हुए दिवंगत कर्मचारियों या अधिकारियों के परिवार सदस्यों को भी निशुल्क इस सोसाइटी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है | ऐसे स्टाफ सदस्यों के परिवार को हमारे द्वारा संपर्क किया जायेगा |

केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा CGHS (CENTRAL GOVT HEALTH SCHEME) के अंतर्गत कवर किया जाता है |
CGHS में केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न उपचारों एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अलग अलग शहरों के लिए discounted दरे निश्चित की जाती है, जो प्रत्येक 2 वर्ष बाद पुनर्निर्धारित की जाती हैं | यह दरें मान्य दरों के सापेक्ष लगभग 70% से 80% तक कम होती हैं |

चूँकि बैंक, केंद्र सरकार के अधीन नहीं आता है इसलिये हमें भी CGHS का लाभ नहीं मिल सकता है |

इसलिये हमारा यह प्रयास रहा कि भले ही हमे CGHS का लाभ न मिले किन्तु उन्ही दरों पर सुविधाएँ अवश्य मिल जायें |

सोसाइटी का सदस्य बनने पर, सोसाइटी द्वारा टाई अप से जुड़े विभिन्न Path Labs, Digonostic Centre, Hospitals आदि में CGHS में निर्धारित दरों के समान दरों पर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी |

CGHS की कुछ दरें इस प्रकार हैं -
Normal rate - CGHS rates
Ultrasound Rs. 1200/- -->Rs. 344/- to Rs. 370/-
MRI Rs. 5000/- -->Rs. 1900/- to Rs. 2200/-
Blood test -->70% to 80% rebate

अभी तक सोसाइटी द्वारा Chandan Dignostics Centre, देहरादून से टाई अप किया जा चुका है जो कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली में संचालित शाखाओं पर भी लागू होगा |

इसके अतिरिक्त Mehant Indresh Hospital, Drishti Eye Centre, Amritsar Eye Hospital, Bharat Heart Institute (सभी देहरादून में); Brijlal Super Specialty Hospital (हल्द्वानी) द्वारा भी इस सन्दर्भ में टाई अप हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गयी है |

इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के विभिन्न दवा विक्रेताओं (जिनका चयन किया जा रहा है) से दवाइयां क्रय करने पर MRP पर लगभग 15% डिस्काउंट प्राप्त करने की प्रक्रिया भी चल रही है |

सोसाइटी का सदस्य बनने पर, सोसाइटी द्वारा प्रत्येक सदस्य को एक लैमिनेटेड आई कार्ड दिया जायेगा, जो 2 वर्ष हेतु वैध होगा |
यदि सदस्य, अपने परिवार के सदस्यों को भी सोसाइटी में जोड़ना चाहता है तो उन्हें भी अलग से आई कार्ड जारी कियें जायेंगे |

यहाँ यह बताना भी आवश्यक है कि सभी सोसाइटी सदस्य एवं उनके परिवार द्वारा किसी भी प्रकार के खर्चे, सम्बंधित सदस्य या उनके परिवार के सदस्यों को स्वयं ही वहन करने हैं |

सोसाइटी, किसी भी प्रतिष्ठान को इस सम्बन्ध में किसी भुगतान के लिये उत्तरदायी नहीं होगी |

सोसाइटी का कार्य, केवल सदस्यों को रियायती दरों पर सुविधा उपलब्ध करवाना ही है |

सोसाइटी का प्रवेश शुल्क मात्र रु 500/- प्रति सदस्य है जो एक ही बार ही दिया जाना है |इसके अतिरिक्त रु 50/- प्रति माह का चंदा सदस्य द्वारा सोसाइटी के खाते में जमा किया जायेगा |

सोसाइटी द्वारा सदस्य (Employee Member) एवं उसके परिवार (As per membership form) के सभी आश्रित सदस्यों (एक employee हेतु कुल अधिकतम 6 कार्ड निशुल्क) को एक - एक व्यक्तिगत आई कार्ड जारी किया जायेगा |

यदि कार्ड खो जाता है तो Duplicate card हेतु प्रति कार्ड रु 60/- का भुगतान करना होगा |

शीघ्र ही सोसाइटी की एक आम सभा प्रस्तावित है जिसमे अन्य बिन्दुओं ,
यथा - अन्य टाई अप, सोसाइटी की कार्यविधि से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया जाना, भविष्य की योजनाओं जैसे दुर्घटना बीमा सुविधा, बैंक स्टाफ के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करना, भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले स्टाफ सदस्य के लिए एक सूक्ष्म आयोजन करना, उन्हें उपहार दिया जाना तथा सदस्यों की राय/सुझाव पर चर्चा आदि की जायेगी |

इस सोसाइटी को हम सबने मिलकर चलाना हैं |

हमारे बैंक का कोई भी समर्पित कर्मी, किसी भी लाभदायी संस्था से टाई अप करने हेतु अपने व्यक्तिगत सम्बन्ध/पहचान के बारे में हमें अवश्य जानकारी दे, ताकि उसके सहयोग से सोसाइटी, सम्बंधित संस्था से टाई अप कर सके |

इस सोसाइटी का एकमात्र उद्देश्य, हमारे बैंक के सभी साथियों एवं उनके परिवार के हित में कार्य करना है ।

अतः सभी UGBians इस सोसाइटी से जुड़कर इसका लाभ अवश्य उठायें ।

अंत में स्मरण करते हुए कवि दुष्यंत की मशहूर पंक्तियां, जो पहले की तरह आज भी प्रासंगिक है,

"कैसे आकाश में सुराख़ नहीं हो सकता,
एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो"|

साथियों, हमने मानवता की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है ।

आइये । सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण करें एवं अपने सुखद जीवन की आधारशिला रखें |

सेवा के संकल्प सहित,
मित्रवत,

UGB Family Welfare Society, Dehradun

अध्यक्ष - दीपक कुमार कोहली, (शाखा - देवीखाल),
उपाध्यक्ष - अजय शर्मा (शाखा - तरली जॉली)
कोषाध्यक्ष - राजेंद्र कुमार (मुख्य शाखा, देहरादून)
सचिव - संदीप कुकरेती, (शाखा - दुगड्डा),
अन्य संस्थापक सदस्य - प्रवेश नौटियाल ( क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी),
नन्द किशोर नौटियाल (शाखा - लक्ष्मणझूला), प्रवीन गोयल (शाखा - कोटद्वार),
पंकज नरूला (प्रधान कार्यालय)